संख्या–एस0ई0–172 / दस–2014–ला–4 / 13

प्रेषक,

राम किशोर पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 राज्य लाटरी निदेशालय,
कैलाशकुंज, फैजाबाद रोड,
लखनऊ।

वित्त (सेवायें) अनुभाग–1 लखनऊ :: दिनांकः 02 अप्रैल, 2014

विषयः अनुदान संख्या–65 के अंतर्गत उ0प्र0 राज्य लाटरी निदेशालय के लिये वर्ष 2014–15 में प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई, 2014 तक) के व्यय हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त (आय–व्ययक)अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी –1–795 / दस–2014–231 / 2014, दिनांक 14 मार्च, 2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय–व्ययक में अनुदान संख्या–65 वित्त विभाग(लाटरी निदेशालय) के निम्नलिखित विवरण के अनुसार क्रमशः लेखाशीर्ष–2070–अन्य प्रशासनिक सेवायें–आयोजनेत्तर–800–अन्य व्यय–03–लाटरी निदेशालय के अंतर्गत व्यवस्थित धनराशि रू0 14646 हजार (रूपये एक करोड़ छियालिस लाख छियालिस हजार मात्र) में से लेखानुदान के अन्तर्गत प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई तक) के व्यय हेतु रू0 4884 हजार (रूपये अड़तालिस लाख चौरासी हजार मात्र) तथा लेखाशीर्षक–2075–विविध सामान्य सेवायें–103–राज्य लाटरियां–03–राज्य लाटरी के अंतर्गत व्यवस्थित धनराशि रू0 51 हजार (रूपये इक्यावन हजार मात्र) में से लेखानुदान के अन्तर्गत प्रथम चार माह (अप्रैल से जुलाई तक) के व्यय हेतु रू0 17 हजार (रूपये सत्रह हजार मात्र) की धनराशि अर्थात कुल धनराशि रू0 4901 हजार (रूपये उन्चास लाख एक हजार मात्र) की धनराशि उक्त सन्दर्भित कार्यालय ज्ञाप में उल्लिखित प्रतिबंधों / निर्देशों के अधीन व्यय करने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

–2 / ––––

लेखाशीर्ष

लेखाशीर्ष–2070–अन्य प्रशासनिक सेवायें–आयोजनेत्तर
–800–अन्यव्यय–
03–लाटरी निदेशालय

धनराशि (हजार रूपये में)

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिये कुल मांग/प्रावधान	वित्तीय वर्ष 2014–15 के प्रथम चार माह हेतु जारी की जाने वाली धनराशि। (माह अप्रैल से जुलाई 2014 तक)
1	2	3
01–वेतन	6048	2016
02–मजदूरी	368	123
03–मंहगाई भत्ता	6350	2117
04–यात्रा व्यय	75	25
06–अन्य भत्ते	906	302
08–कार्यालय व्यय	135	45
09–विद्युत देय	120	40
10–जलकर/जल प्रभार	50	17
13–टेलीफोन पर व्यय	40	13
15–गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	150	50
16–व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	50	17
29–अनुरक्षण	50	17
45–अवकाश यात्रा व्यय	50	17
47–कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	25	8
49–चिकित्सा व्यय	200	67
51–वर्दी व्यय	29	10
योग	14646	4884

(रूपये अड़तालिस लाख चौरासी हजार मात्र)

–3/–––

लेखाशीर्ष–2075–विविध सामान्य सेवायें–
आयोजनेत्तर–103–राज्य लाटरियां–
03–राज्य लाटरी

आयोजनेत्तर
(धनराशि हजार रूपये मे)

मानक मद	वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिये कुल मांग/प्रावधान	वित्तीय वर्ष 2014–15 के प्रथम चार माह हेतु जारी की जाने वाली धनराशि। (माह अप्रैल से जुलाई 2014 तक)
19–विज्ञापन बिक्री और विख्यापन व्यय	1	–
42–अन्य व्यय	50	17
योग	**51**	**17**

(रूपये सत्रह हजार मात्र)

2– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है, अतः व्यय करते समय मितव्ययिता के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों व नवीनतम शासनादेश संख्या–सीए–934/दस–2008–मित–1/2004, दिनांक 02 सितम्बर, 2008 का विशेष रूप से पालन किया जाय ताकि अपव्यय को रोका जा सके।

3– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान के अंतर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एंव आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में शासनादेश संख्या–बी–1–1195 /दस–16/94, दिनांक 06 जून, 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

4– उपर्युक्त के अतिरिक्त मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि जहां भी नियमों के अंतर्गत शासन की स्वीकृति आवश्यक हो, धनराशि व्यय करने से पूर्व अपेक्षित स्वीकृति आवश्यक रूप से प्राप्त कर ली जाय।

5– उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014–15 के आय व्ययक के अनुदान संख्या–65 के उपरोक्तानुसार अंकित लेखाशीर्षो के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमि संगठनों के नाम डाला जायेगा तथा लेखानुदान एवं तत्संबंधी विनियोग अधिनियम द्वारा प्राधिकृत निधि से वह्न किया जायेगा।

भवदीय,

(राम किशोर पाण्डेय)
उप सचिव।

–4/–––

संख्या–एस0ई0–172(1)/दस–2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार(लेखा एंव हकदारी)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3– वित्त (आय–व्ययक)अनुभाग–1/2
4– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5– वरिष्ठ/मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, राज्य लाटरी निदेशालय, उ0प्र0,लखनऊ।
6– वित्त (लेखा परीक्षा) अनुभाग
7– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम किशोर पाण्डेय)
उप सचिव।